# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार–249404

**संख्याः–258 /19/सह.पर्य–पर्या.पर्य./G-2/2023-24** **दिनांकः 01 जनवरी 2024**

## <u>विज्ञप्ति</u>

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-2/DR/S-3/2023-24 दिनांक 10 जुलाई 2023 द्वारा सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह ग) परीक्षा–2023 के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के क्रम में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 19 नवम्बर 2023 को आयोजित की गयी है। इस विज्ञापन के क्रम में अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण किया जाना है, जिसके दृष्टिगत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के 02 गुना अनुपात में अभ्यर्थियों की अभिलेख सत्यापन हेतु अनुक्रमांक सूची आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में कट ऑफ मार्क्स एवं अन्तिम उत्तर कुंजी भी आयोग की वेबसाईट पर प्रसारित की गयी है। अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किये जायेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

**-Sd-**
**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव।**